बरेली, सोमवार
8 जून, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14+4=18

दैनिक जागरण

PAGE NO.- III : TOP

# रिद्धिमा में मेहा बरसे कार्यक्रम में नृत्य कलाओं का संगम

**बरेली:** एसआरएमएस रिद्धिमा में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम मेहा बरसे में भरतनाट्यम, मोहिनीयट्टम और कथक की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में गुरुजनों और उनके विद्यार्थियों ने एक ही मंच पर भारतीय शास्त्रीय नृत्य की विविध विधाओं का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भरतनाट्यम के विद्यार्थियों की ओर से घनाना-घनाना प्रस्तुति से हुआ। इसके बाद कलाकारों ने लयबद्ध बरसात का दिन, बरसो रे मेघा बरसो, तिल्लाना फ्यूज और अन्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। भरतनाट्यम गुरु रोबिन ए और गुरु तनाया भट्टाचार्य ने विशेष प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। वहीं कथक गुरु अंशु कुमार शर्मा और मोहिनीयट्टम गुरु करिश्मा केसरी ने भी अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन अरुणा गंगवार ने किया। इस अवसर पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, डा. प्रभाकर गुप्ता, डा. अनुज कुमार आदि उपस्थित रहे। वि.